भारत सरकार

कारपोरेट कार्य मंत्रालय

राज्य सभा

तारांकित प्रश्न संख्या 415

(जिसका उत्तर मंगलवार, 11 अप्रैल, 2017 को दिया गया)

निराश्रित बच्चों की शिक्षा के लिए कारपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) निधि का उपयोग किया जाना

***415. श्री शंकरभाई एन. वेगड़ :**

क्या **कारपोरेट कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार कारपोरेट सामाजिक दायित्व निधि का उपयोग भारत के निराश्रित बच्चों की शिक्षा के लिए किए जाने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कारपोरेट कार्य मंत्री **(श्री अरुण जेटली)**

(क) और (ख): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*****

निराश्रित बच्चों की शिक्षा के लिए कारपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) निधि का उपयोग किए जाने से संबंधित दिनांक 11 अप्रैल, 2017 के राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या 415 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) और (ख): कारपोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा कारपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) धनराशि आवंटित नहीं की जाती। कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 135(3) और (4) के अनुसार अधिनियम की अनुसूची-VII में सूचीबद्ध मदों के लिए सीएसआर धनराशि के आबंटन से संबंधित निर्णय लेने का अधिकार कंपनी के बोर्ड का है। भारत में निराश्रित बच्चों को शिक्षा देने के लिए कल्याण योजनाएं चलाना विकास शीर्ष 'शिक्षा को प्रोत्साहन' के अधीन आता है। वर्ष 2014-15 और 2015-16 के लिए इस मंत्रालय द्वारा विश्लेषण किए गए कंपनियों का क्षेत्र-वार सीएसआर व्यय (जैसा कि तालिका में दर्शाया गया है) अनुलग्नक पर दिया गया है।

*****

अनुलग्नक

राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या 415 के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

वित्तीय वर्ष 2014-15 और 2015-16 में विकास क्षेत्र-वार सीएसआर व्यय

सीएसआर व्यय (करोड़ रुपए में)		
क्षेत्र	**2014-15**	**2015-16**
स्वास्थ्य/भूखमरी, गरीबी, कुपोषण का निवारण/सुरक्षित पीने का पानी/स्वच्छता	2246	3117
शिक्षा/विक्लांगजन/जीविका	2728	3073
ग्रामीण विकास	1017	1051
पर्यावरण/पशु कल्याण/संसाधनों का संरक्षण	1213	923
स्वच्छ भारत कोष	121	355
अन्य कोई कोष	36	262
लैंगिक समानता/महिला सशक्तिकरण/वृद्धाश्रम/असमानता हटाना	326	213
प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष	192	136
खेलों को प्रोत्साहन	160	95
विरासत कला और संस्कृति	157	90
स्लम विकास	123	9
निर्मल गंगा कोष	19	3
अन्य क्षेत्र (सशस्त्र सेनाओं को प्रौद्योगिकी इनक्यूबेटर और लाभ, प्रशासनिक ऊपरी खर्च तथा अन्य*)	465	497
कुल योग	**8803**	**9822**
कंपनियों की संख्या जिसके लिए डाटा संकलित किया गया	**7334**	**5097**

*निर्दिष्ट नहीं किया गया है।

*****